दिनांक–01.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लाड़ली बहना हितग्राहियों का आभार उपहार कार्यक्रम आज चित्रकूट और चितरंगी से होगा शुरू।
- नगरीय क्षेत्रों में नई सड़कों के निर्माण और मौजूद सड़कों को बेहतर बनाने के लिए 246 करोड़ रुपये जारी।
- प्रदेश के 15 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए भोपाल में 22 अगस्त से चलेगा अग्निवीर भर्ती अभियान।
- महेश्वर के अहिल्या किले पर पर्यटकों के लिए जल्द शुरू होगा लाईट एंड साउण्ड शो।

आभार उपहार कार्यक्रम

प्रदेश में रक्षाबंधन के पूर्व लाड़ली बहना हितग्राहियों का आभार उपहार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रक्षाबंधन और सावन उत्सव थीम पर केन्द्रित यह कार्यक्रम चयनित जिलों में होगा। आज से 17 अगस्त के मध्य 11 जिले सिंगरौली, सतना, दमोह, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, बैतूल, श्योपुर, टीकमगढ़, अनूपपुर और डिण्डोरी में आभार सह उपहार कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सतना जिले में चित्रकूट और सिंगरौली के चितरंगी से इन कार्यक्रमों की शुरुआत कर रह रहे हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाभार्थी महिलाओं को आभार पत्र और उपहार का संदेश देंगे। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों से राखी भी बँधवाएगें और उनसे चर्चा करेंगे। इस दौरान "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण होगा। शेष जिलों में मंत्री एवं स्थानीय जन–प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम होगा।

कायाकल्प योजना

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के नगरीय निकायों को 246 करोड़ रूपये की राशि जारी की है। इसमें कायाकल्प योजना में 405 निकायों को 146 करोड़ रूपये व नगरीय क्षेत्र निर्माण योजना के लिए 148 निकायों को 100 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई है। कायाकल्प योजना दो वर्ष पहले राज्य सरकार ने प्रारंभ की है। इस योजना में नगरीय क्षेत्रों में नई सड़कों का निर्माण और मौजूद सड़कों के सुदृढ़ीकरण के कार्य को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाता है। आयुक्त भरत यादव ने बताया कि जिन निकायों को राशि जारी की गई है उन निकायों में निश्चित समय सीमा में निर्माण कार्य को पूरा कराया जायेगा।

वित्तमंत्री बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि बजट विकास, रोजगार, कल्याण, पूंजी निवेश और वित्तीय समेकन जैसी प्राथमिकताओं के बीच एक अच्छा संतुलन बनाता है। वे कल राज्यसभा में बजट पर बहस का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास में विश्वास करती है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट ने सहकारी संघवाद को अडिग समर्थन का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में आवंटन में कटौती के विपक्ष के आरोप को खारिज किया। सुश्री सीतारामन ने बताया कि शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए एक लाख 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

इंदौर–यातायात सुधार

इंदौर शहर में यातायात सुधार के लिए लगातार विशेष प्रयास किये जा रहे है। इसी सिलसिले में जहाँ एक ओर सड़कों और फुटपाथों से अतिक्रमण और अन्य बाधाएं हटाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर चौराहों पर भी लेफ्ट टर्न चौड़ा करने, इंजीनियरिंग एवं तकनीकी सुधार सहित अन्य कार्य किये जा रहे हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के 10 चौराहों का निरीक्षण कर यातायात को सुगम करने के निर्देश दिये। इस दौरान नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, डीसीपी ट्राफिक अरविंद तिवारी, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर. पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## भोपाल मेट्रो

भोपाल मेट्रो का संचालन अब करोंद तक होगा। करोंद चौराहे पर एक फ्लाईओवर और एयरपोर्ट रोड से रत्नागिरी तक 6 लेन सड़क बनेगी। करोंद में थ्री टियर ट्रांस्पोर्टेशन सिस्टम बनाने की भी योजना है, जिसमें ऊपर चलेगी मेट्रो बीच में फ्लाईओवर और नीचे से सर्विस रोड गुजरेगा। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कल नरेला विधानसभा अंतर्गत करोंद चौराहे पर बनने वाले मेट्रो स्टेशन का स्थल निरीक्षण किया। भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट प्रथम फेज के अंतर्गत लगभग 30 किमी रूट के ऑरेंज लाइन कॉरिडर के तहत करोंद चौराहे पर मेट्रो स्टेशन बनने और रूट बनने का कार्य शुरू हो गया है।

## महेश्वर–लाईट एंड साउण्ड शो

महेश्वर में स्थित अहिल्या किले पर बहुत जल्द लाईट एंड साउण्ड शो आरंभ होने जा रहा है। लाईट एंड साण्उड शो की स्क्रिप्ट प्रसिद्ध स्क्रिप्ट राइटर अमन अरोरा ने तैयार की है। इस स्क्रिप्ट के सुत्रधार के रूप में हरीश भिमानी अपनी आवाज देंगे। शो में प्रसिद्ध संगीतकार अमित केलाम एवं कंचमन बब्बर द्वारा संगीत दिया गया है। भगवान शिव एवं मॉ नर्मदा पर आधारित इस शो में मॉ नर्मदा के उद्‌गम से वर्तमान तक के जिले में अविरल प्रवाह, राजमाता अहिल्यादेवी एवं उनकी शिवभक्ति के साथ ही जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

## अग्निवीर भारती रैली

राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम में 22 अगस्त से 30 अगस्त तक प्रदेश के 15 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस सहायक एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मध्यप्रदेश एवं छतीसगढ़ के सभी जिलों के लिए सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक और धर्मगुरू के लिए भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा बताया गया कि इस भर्ती रैली में करीब साढ़ सात हजार युवा शामिल होंगे। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए प्रवेश पत्र एवं सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार तथा साथ में आधार कार्ड से लिंक मोइबल नम्बर भी लेकर आना अनिवार्य है।

## ओलम्पिक

खेलों के महाकुंभ में मुक्केबाजी में महिलाओं के 75 किलोग्राम भार वर्ग में लवलीना बोर्गोहाइन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उधर, बैडमिंटन कोर्ट में भारत के लिए आज दिन अच्छा रहा। पी.वी. सिंधू और लक्ष्य सेन अपने–अपने मैच जीतकर सिंगल्स के प्री–क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

निशानेबाजी में स्वपनिल कुसाले पुरुषों के 50 मीटर थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए हैं। क्वालीफाइंग मुकाबले में वह सातवें स्थान पर रहे। जबकि, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 11वें स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचने में असफल रहे, । तीरंदाजी में दीपिका कुमारी महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में प्री–क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। आज से एथलेटिक्सके मुकाबले भी शुरू हो रहे हैं।

## भारत–श्रीलंका वनडे

भारत और श्रीलंका के बीच कल से 3 मैचों की एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला शुरू हो रही है। पहला मैच मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस श्रृंखला के अन्य दो मैच 4 और 7 अगस्त को होंगे। सभी मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे। 50 ओवर के मैच में रोहित शर्मा भारतीय टीम के कप्तान होंगे। विराट कोहली और श्रेयस अय्यर अन्य उल्लेखनीय खिलाड़ी होंगे।

## अंशुमान गायकवाड–निधन

भारत के महान क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ का निधन हो गया है। वे 71 वर्ष के थे और रक्त कैंसर से पीड़ित थे। श्री गायकवाड़ ने 1975 से 1987 के बीच भारत के लिए 40 टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैच खेले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री गायकवाड़ के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- राजगढ़ के विकास खंड जीरापुर में संपूर्णता अभियान 4 जुलाई से 30 सितंबर चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत राज्यमंत्री गौतम टेटवाल द्वारा की गई थी।
- खण्डवा में 3 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रमाण पत्र बनाये जायेंगे।
- मंडला में दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने घुघरी विकासखंड के ग्राम देवहारा के सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए अन्य 5 अधिकारी, कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं।
- इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में आवेदनों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे अगस्त माह में सीएम हेल्प लाइन के तहत दर्ज अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।
- मुरैना में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज मुरैना के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी के कालजयी साहित्यकार मुन्शी प्रेमचन्द्र की 144वीं जयंती के अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।
- पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कालूखेडा, रतलाम में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गये हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर है।
- बैतूल में आमला तहसील के 62 साल पुराने विकासखंड भवन को कंडम घोषित किया गया है। लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के आधार पर क्षतिग्रस्त और जर्जर हो चुकी इस इमारत को गिराया जाएगा।
- कटनी मे मच्छर एवं अन्य संक्रमण फैलने वाले सूक्ष्म जीवों की रोकथाम करने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने के लिए अभियान शुरू किया गया है।
- खरगोन जिले के बलकवाडा थाना क्षेत्र कुंडिया तालाब में नहाने के दौरान तीन बच्चे डूब गये। इस दौरान दो चचेरी बहनो की मौत हो गई  वही 13 वर्षीय एक बच्चे को तालाब के आसपास मौजूद ग्रामीणो ने बचा लिया।
- ट्रेन की चपेट में आने के बाद बुधनी से रेस्क्यू करके भोपाल स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान लाए गए दूसरे बाघ शावक की भी कल मौत हो गई। जबकि मंगलवार को एक शावक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा था।

....................................